# विद्या भारती

## संकुल संवाद

जुलाई 2026

"सा विद्या या विमुक्तये"

आषाढ़-श्रावण | विक्रम संवत 2083

# 1 करोड़ शिक्षक, 25 करोड़ सपने




## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन में शिक्षक प्रशिक्षण की अहम भूमिका : देशराज शर्मा

## पूर्व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने किया विद्या भारती साहित्य केन्द्र का अवलोकन




## समविचारी विद्यालयों की बैठक में मूल्यपरक शिक्षा पर बल



# 1 करोड़ शिक्षक, 25 करोड़ सपने

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन में शिक्षक प्रशिक्षण की अहम भूमिका : देशराज शर्मा




नई दिल्ली। संसद टीवी पर प्रसारित UDISE+ रिपोर्ट 2025-26 आधारित विशेष कार्यक्रम 'Insight – Teaching a Billion Dreams' में शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षक प्रशिक्षण और स्कूल शिक्षा के भविष्य पर विस्तृत चर्चा हुई।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) के अध्यक्ष प्रो. पंकज अरोड़ा (Prof. Pankaj Arora, Chairperson, NCTE), एनसीवेब, दिल्ली विश्वविद्यालय की निदेशक प्रो. गीता भट्ट (Prof. Geeta Bhatt, Director, NCWEB, DU) तथा विद्या भारती के अखिल भारतीय महामंत्री श्री देशराज शर्मा (Deshraj Sharma, Akhil Bharatiya General Secretary, Vidya Bharati) ने संवाददाता प्रीति सिंह के साथ विचार साझा किए।

कार्यक्रम का प्रसारण शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से किया गया, जिसका विषय था—"1 करोड़ शिक्षक, 25 करोड़ सपने | Teaching a Billion Dreams"।

इस अवसर पर श्री देशराज शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल दक्षता और सतत व्यावसायिक विकास अत्यंत आवश्यक हैं। श्री देशराज शर्मा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक-सम्मत शिक्षण के माध्यम से ही विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जा सकती है।

प्रो. पंकज अरोड़ा ने स्कूल ड्रॉपआउट की समस्या के समाधान के लिए आनंदमय शिक्षण (Joyful Learning), प्रभावी परामर्श, मार्गदर्शन तथा कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय, परिवार, समाज और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से इस चुनौती का प्रभावी समाधान संभव है। कार्यक्रम में बताया गया कि भारत में पहली बार शिक्षकों की संख्या 1 करोड़ से अधिक हो गई है। देश में लगभग 14.7 लाख विद्यालय और 24 करोड़ से अधिक विद्यार्थी हैं, जिससे भारत विश्व की सबसे बड़ी स्कूली शिक्षा व्यवस्था वाला देश बन गया है।

साथ ही UDISE+, PGI 2.0 और PGI-D जैसी रिपोर्टों को देश की स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता और प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताया गया।

# पूर्व शिक्षा मंत्री ने साहित्य केंद्र का अवलोकन




कुरुक्षेत्र। भारत सरकार के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र स्थित 'विद्या भारती साहित्य केन्द्र' का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति-चिह्न एवं संस्कृति बोधमाला पुस्तकों का संच भेंट किया गया।

संस्थान के प्रबंधक श्री सुधीर कुमार ने बताया कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रतिवर्ष देशभर के लगभग 25 लाख विद्यार्थी भाग लेते हैं और यह परीक्षा अब 12 भारतीय भाषाओं में आयोजित की जा रही है।

इस अवसर पर विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोविंद चंद्र महंत, महामंत्री श्री देशराज शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पद्मश्री तेची गुबिन ने शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग में की शिरकत




नाहरलगुन। विद्या भारती से संबद्ध अरुणाचल शिक्षा विकास समिति (ASVS) द्वारा आयोजित 10 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग-2026 का समापन समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में अरुणाचल प्रदेश के 12 जिलों से आए नव नियुक्त शिक्षकों ने सहभागिता की।

समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री तेची गुबिन ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और मूल्याधारित शिक्षा पर बल दिया।

उन्होंने शिक्षकों से समाज एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर APSCPCR सदस्य निरी चोंगरोजू ने बाल संरक्षण एवं बाल अधिकारों पर मार्गदर्शन दिया, जबकि एएसवीएस के सचिव तुमगे लोल्लेन ने सभी अतिथियों, संसाधन व्यक्तियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

प्रशिक्षण का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि प्रशिक्षित शिक्षक गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू करेंगे।



# गीता विद्यालय में औषधि वाटिका का शुभारंभ

30 जुलाई 2026 को 'एक पेड़ माँ के नाम 3.0' अभियान के अंतर्गत एसएमबी गीता विद्यालय में मेघा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर इको क्लब के जिला अधिकारी राजेश ने विद्यालय में किए गए वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया तथा विद्यालय परिसर में विकसित औषधि वाटिका का शुभारंभ पौधरोपण के साथ किया।

यह पहल विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता तथा औषधीय पौधों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।





कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना संयोजक क्रांति चावला, सहायक परियोजना संयोजक प्रदीप, विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक वीरेंद्र वालिया, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी, अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंगला, प्राचार्य अनिल मदान, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पूजा, इको क्लब समन्वयक जयदीप मेहता सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

🌱 "एक पेड़ माँ के नाम"—आइए, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें और हरित भविष्य के निर्माण में अपना योगदान दें।

# पूर्व छात्र संवाद कार्यक्रम संपन्न, 66 पूर्व छात्रों ने लिया भाग



जयपुर। पूर्व छात्र पंजीयन एवं संपर्क अभियान (1 जुलाई–15 अगस्त 2026) के अंतर्गत उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, मालवीय नगर, जयपुर में पूर्व छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्या भारती राजस्थान के संगठन मंत्री श्री गोविन्द कुमार ने पूर्व छात्रों का मार्गदर्शन किया।
कार्यक्रम में 66 पूर्व छात्र प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे, जबकि अनेक पूर्व छात्र YouTube Live के माध्यम से ऑनलाइन जुड़े।
श्री गोविन्द कुमार ने पूर्व छात्र परिषद की भूमिका, विद्यालय एवं समाज निर्माण में पूर्व छात्रों के योगदान तथा अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी से विद्यालय से निरंतर जुड़े रहने का आह्वान किया।
कार्यक्रम के अंत में आयोजित जिज्ञासा समाधान सत्र में पूर्व छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए तथा परिषद की आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की गई।
यह कार्यक्रम पूर्व छात्रों के बीच संगठनात्मक जुड़ाव एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# ‘अरण्य सप्ताह 2026’ अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं विद्या भारती विद्यालय

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के विभिन्न विद्या भारती विद्यालय राज्यव्यापी ‘अरण्य सप्ताह 2026’ अभियान में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। 14 से 20 जुलाई 2026 तक चल रहे इस अभियान का उद्देश्य वृक्षारोपण को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा शहरों और गांवों को अधिक हरित एवं स्वच्छ बनाना है।
अभियान के अंतर्गत राज्य के 23 जिलों में जनजागरण, पर्यावरण संरक्षण, वन एवं वन्यजीव संवर्धन, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पौध वितरण, डिजिटल प्रचार-प्रसार तथा सामाजिक संगठनों एवं कॉर्पोरेट क्षेत्र के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही विद्यार्थियों एवं नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।
इस अभियान में विद्यार्थी, अभिभावक, पूर्व छात्र एवं स्थानीय समुदाय बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। विद्या भारती के अनेक विद्यालयों ने प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से वृक्षारोपण अभियान आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का संदेश दिया।
यह अभियान राज्य में हरित, स्वच्छ एवं सतत विकास की दिशा में जनसहभागिता को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण प्रयास है।







# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेधावियों को किया सम्मानित





रुड़की। विद्या भारती उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह' में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।


उन्होंने कहा कि विद्या भारती भारतीय संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रभावना से युक्त व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। साथ ही, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत विद्यार्थियों को नवाचार, स्टार्टअप एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) जैसी आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए भारतीय जीवन मूल्यों के संरक्षण पर भी विशेष बल दिया जा रहा है।

इस अवसर पर क्षेत्र संगठन मंत्री श्री डोमेश्वर साहू, प्रांत निरीक्षक डॉ. विजयपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 🎶 संगीत, संस्कृति और संस्कार का महाउत्सव! 🎶

विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद, दिल्ली प्रांत द्वारा आयोजित "Bhajan Clubbing" एक अनूठा सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें भक्ति, संगीत और भारतीय संस्कृति का आधुनिक एवं आकर्षक स्वरूप देखने को मिलेगा। इस प्रकार के कार्यक्रम युवा वर्ग विशेषकर Gen Z, के बीच अत्यंत लोकप्रिय हो रहे हैं। हमारा प्रयास है कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को नई पीढ़ी से सहज और प्रभावी रूप से जोड़ा जाए।
इस विशेष आयोजन के मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री कपिल मिश्रा जी होंगे।
दिनांक: 20 सितंबर 2026 (रविवार)
समय: सायं 5:00 बजे से
स्थान: दिल्ली हाट, पीतमपुरा

विद्या भारती, दिल्ली प्रांत के सभी पूर्व छात्र-छात्राएँ, NCR में निवास करने वाले अन्य राज्यों के पूर्व छात्र-छात्राएँ तथा दिल्ली के सभी पूर्व आचार्य अपने परिवार सहित सादर आमंत्रित हैं।
आइए, अपने परिवार के साथ इस भक्तिमय, सांस्कृतिक और ऊर्जावान संध्या का हिस्सा बनें।
प्रवेश केवल पासधारकों के लिए आरक्षित है।
लिंक 👇
Bhajan Clubbing – Delhi
https://meetgrow.in/events/bhajan-clubbing



# समविचारी विद्यालयों की बैठक में मूल्यपरक शिक्षा पर बल




एर्नाकुलम। भारतीय विद्यानिकेतन (विद्या भारती-केरल) के तत्वावधान में एर्नाकुलम के वेदांतम हॉल में समविचारी विद्यालयों की बैठक आयोजित हुई।

सम्मेलन में भारतीय विद्या भवन, अमृतानंदमयी मिशन, चिन्मय मिशन, श्री श्री रविशंकर इंस्टीट्यूशंस सहित विभिन्न शैक्षिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



इसके अतिरिक्त केरल के 9 जिलों से विभिन्न ट्रस्टों द्वारा संचालित विद्यालयों के प्रतिनिधियों सहित लगभग 40 शिक्षाविदों की सहभागिता रही।




बैठक की अध्यक्षता भारतीय विद्यानिकेतन केरल के राज्याध्यक्ष श्री पी. गोपालनकुट्टी मास्टर ने की, जबकि चिन्मय मिशन के पूज्य स्वामी विविक्तानंद सरस्वती ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में मूल्यपरक शिक्षा एवं भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर बल दिया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष श्री अवनीश भटनागर ने समविचारी शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने और भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। सभी ने गुणवत्तापूर्ण एवं मूल्याधारित शिक्षा के विस्तार के लिए आपसी सहयोग को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।



# विद्या भारती कानपुर प्रांत के आवासीय विद्यालय के आचार्यों का IIT कानपुर में NEP को लेकर प्रशिक्षण आयोजित



कानपुर। आईआईटी कानपुर में विद्या भारती कानपुर प्रांत एवं विज्ञान भारती, ब्रह्मावर्त प्रांत के सहयोग से “राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 पर आधारित तकनीक, नवाचार एवं संवाद” विषयक आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विद्या भारती के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री यतींद्र जी मुख्य अतिथि, आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल विशिष्ट अतिथि तथा श्री अयोध्या प्रसाद जी अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यशाला में प्रो. सुनील मिश्रा, प्रो. जे. रामकुमार, प्रो. अर्क वर्मा एवं पद्मश्री प्रो. एच. सी. वर्मा ने विभिन्न विषयों पर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। प्रतिभागी शिक्षकों ने आईआईटी कानपुर की फ्लाइट लैबोरेटरी का अवलोकन किया तथा भौतिक विज्ञान के नवाचारपूर्ण प्रयोगों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन देखा। साथ ही स्टार्टअप संस्थापकों के साथ संवाद भी किया।

क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को एक मंच पर लाने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों की व्यावसायिक दक्षताओं को सुदृढ़ करना, नवाचार आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करना है।

# आचार्य प्रशिक्षण वर्ग-2026




नाहरलगुन। विद्या भारती से संबद्ध अरुणाचल शिक्षा विकास समिति (ASVS) द्वारा आयोजित 10 दिवसीय आवासीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग-2026 का शुभारंभ प्रारंभिक शिक्षा निदेशक श्री तानी तालोम ने किया। प्रशिक्षण वर्ग में अरुणाचल प्रदेश के 12 जिलों से आए नव नियुक्त एवं कार्यरत शिक्षक भाग लिया।

अपने संबोधन में श्री तालोम ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण, स्थानीय भाषाओं के संरक्षण तथा मूल्याधारित शिक्षा पर बल देते हुए शिक्षक प्रशिक्षण में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में श्री निडो सत्तर, श्री धर्मदेव ब्रह्मचारी, श्री निरी चोंगग्रोजू, श्री तुमगे लोल्लेन एवं श्री सुकुमारन के. भी उपस्थित रहे।

यह प्रशिक्षण वर्ग शिक्षकों की व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।






# गुरु पूर्णिमा

**गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और जीवन-दर्शन के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पावन अवसर है। इस पावन अवसर पर अपने सभी गुरुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करते हुए विद्या भारती के विद्यार्थियों ने उनके बताए आदर्शों, मूल्यों और जीवन-पथ पर चलने का संकल्प लिया।**

**"गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः॥"**

















# गुरु पूर्णिमा पर 'अरुणोदय' वार्षिक पत्रिका का लोकार्पण







राँची। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, राँची में विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'अरुणोदय' का लोकार्पण एवं आचार्य सम्मान समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार एवं गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'अरुणोदय' का लोकार्पण किया गया तथा शिक्षा एवं संस्कारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले आचार्यों का सम्मान किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शिक्षा, संस्कार, अनुशासन एवं राष्ट्रभावना के समन्वय का एक प्रेरणादायी केंद्र है। विद्यालय विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, सेवा, समर्पण तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान का भाव विकसित कर उन्हें राष्ट्रहित के प्रति जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक बनाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी आचार्यों का अभिनंदन करते हुए गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

# उपलब्धियां

## पूर्व छात्र चांसलर गोल्ड मेडल से सम्मानित



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, हमीरपुर के पूर्व छात्र श्री स्वराज शुक्ला को लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह–2026 में चांसलर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। उन्हे यह मेडल एल.एल.एम में लखनऊ विश्वविद्यालय मे सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने के कारण दिया गया।

## NEET-2026 में सरस्वती विद्या मंदिर के मेधावियों का सम्मान



बस्ती। सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामबाग, बस्ती में NEET-2026 में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में AIR-294 प्राप्त शिवम मणि त्रिपाठी सहित रमित पाण्डेय, अमर सिंह, आशुतोष, शशि भूषण त्रिपाठी, रमन वर्मा, शाश्वत पाण्डेय एवं संतोष मिश्रा का अभिनंदन किया गया।

## 99.50 परसेंटाइल प्राप्त कर एमबीबीएस सीट सुनिश्चित

विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पिथौरागढ़ के मेधावी छात्र आशीष उपाध्याय द्वारा NEET-2026 में 99.50 परसेंटाइल प्राप्त कर एमबीबीएस सीट सुनिश्चित की।




## एनआईटीआई आयोग की टिंकरिंग पहल के तहत छात्रा ने विकसित किया 'एंटी-हेल प्रोटेक्शन सिस्टम'



मनाली (कुल्लू)। विद्या भारती से संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर, मनाली के एक प्रतिभाशाली छात्रा ने एनआईटीआई आयोग की अटल टिंकरिंग लैब (ATL) के अंतर्गत "एंटी-हेल प्रोटेक्शन सिस्टम" नामक एक अभिनव परियोजना विकसित की है। यह स्मार्ट तकनीक ओलावृष्टि से फलदार फसलों की सुरक्षा कर किसानों की फसल को होने वाले नुकसान को कम करने में सहायक होगी। यह नवाचार विशेष रूप से बागवानी क्षेत्रों के किसानों को अत्यधिक मौसमीय परिस्थितियों में अपने बागों की सुरक्षा प्रदान करने और उत्पादन हानि को कम करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से वास्तविक कृषि समस्याओं का समाधान खोजने का यह प्रयास अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

**विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान**

प्रज्ञा सदन -जी.एल.टी. सरस्वती बाल मंदिर परिसर, नेहरू नगर, महात्मा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110065

*www.vidyabharti.net* I *www.vidyabharatisamvad.com*

*Email : vbabss@yahoo.com* I *vbsamvad@gmail.com*

@VidyaBharatiIN

*Contact Us* : 91 - 11 -29840013, 29840126, 20886126